## कार्यालय मुख्य प्रबंधक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम टोंक आगार।

क्रमांकः– मु0प्र0/टोंक/सामा./2025/183 दिनांक 15/01/2026

### निविदा –सूचना

टोंक आगार कार्यशाला में बसो की सफाई/ धुलाई कार्य की 1 वर्ष के लिए निम्नानुसार निविदा जारी की जाती है:–

कार्यो का विवरण

वार्षिक लागत/व्यय

| क्र0स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01 | टोंक आगार कार्यशाला में बसो की सफाई/ धुलाई का कार्य | 13/–रू0 धुलाई प्रतिबस/प्रतिदिन |

अनुमानित प्रतिबस/प्रतिदिन लागत से सबसे कम लागत की प्राप्त निविदा को सफल निविदा घोषित माना जावेगा।

1.निविदा फार्म राशि 200रू+ 18 प्रतिशत जीएसटी जमा कराकर दिनांक 19.01.2026 से आगार कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

2.निविदा के साथ धरोहर राशि की रसीद/ डीडी जो कि मुख्य प्रबंधक रा.रा.प.प.निगम टोंक के नाम देय हो. राशि 10000/रू –अक्षरे दस हजार रूपये संलग्न करनी होगी जिसका निगम द्वारा कोई ब्याज देय नही होगा। धरोहर राशि के अभाव में निविदा/प्रस्ताव स्वीकार्य नही होगें।

अतः इच्छुक व्यक्ति/संस्था/फर्म द्वारा अपनी निविदा/प्रस्ताव (दरो का उल्लेख करते हुए) दिनांक 30.01.2026 को 13..00 बजे तक निम्न हस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा उसी दिन समय 15:00बजे आगारीय कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष निविदा खोली जावेगी। उक्त निविदा को निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
(शर्ते संलग्न है)

मुख्य प्रबंधक,टोंक। 0/C

क्रमांकः– 183 दिनांक 15/01/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1.प्रबंधक (याता/संचा0/वित्त/प्रशा0) टोंक आगार।

2.नोटिस बोर्ड कार्यालय/कार्यशाला एवं सीबीएस टोंक आगार।

3.रक्षित पत्रावली।

मुख्य प्रबंधक,टोंक।

Scanned with OKEN Scanner

निविदा की नियम/ शर्ते निम्नानुसार हैः–

1. उक्त निविदा की अवधि एक वर्ष के लिए मान्य होगी। सफल निविदादाता का कार्य सन्तोषप्रद होने पर आगारीय कमेटी द्वारा उक्त निविदा का समय–समय पर निगम नियमानुसार बढाया जा सकेगा।
2. प्रबंधक (संचालन)/आगारीय कमेठी का कोई भी सदस्य द्वारा समय–समय पर बसो का निरीक्षण किया जावेगा सफाई/धुलाई कार्य संन्तोषप्रद नही पाये जाने पर 500 रूपये पेनल्टी वसूल की जावेगी। कार्य बार–बार संन्तोषप्रद नही पाये जाने पर अनुबंन्ध समाप्त कर धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
3. प्रतिमाह प्रबंधक (संचालन) द्वारा सफाई/धुलाई कार्य का मुल्यांकन कर प्रमाण–पत्र जारी करने पर ही पर पारिश्रामिक राशि देय होगी।
4. सफल निविदादाता द्वारा कार्य करने में असमर्थता जताने पर निगम कोष में जमा धरोहर राशि जप्त करली जायेगी। यदि किसी कारणवश कार्य करने में असमर्थ होने पर कार्य छोडने से 1 माह पुर्व लिखित में इस कार्यालय को अवगत कराना होगा।
5. सफल निविदाता के स्थान किसी अन्य व्यक्ति/फर्म/संस्था को निविदा स्थानान्तरित नही की जावेगी। सफल निविदादाता की किसी प्रकार की **PF/ESI** व अन्य कटोती आदि की समस्त जिम्मैदारी स्वयं की होगी।
6. उक्त कार्य के पूर्व निविदादाता जिनके विरूद्व कोई नोटिस या अन्य प्रकरण लम्बित होने या ब्लेकलिस्टेड होने पर वह उक्त निविदा में भाग नही ले सकेगा।
7. सफल निविदादाता द्वारा 100रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर निविदा की शर्तो का उल्लेख कर नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित करवा कर प्रस्तुत करना होगा।
8. बिना किसी कारण के उक्त निविदा को समय से पूर्व रद्द करने का सम्पूर्ण अधिकारी निम्नहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा।
9. बस की सफाई/धुलाई में सम्पूर्ण बस आगे–पिछे , चारो तरफ,सीटे कांचो की सफाई शामिल होगी अथार्त सम्पूर्ण बस की सफाई/धुलाई शामिल होगी।
10. निविदा कार्य में कोई वाद/प्रतिवाद उत्पन्न होने पर प्रथम सुनवाई/अपील अधिकारी श्रीमान जोनल मेनेजर महोदय कोटा जोन एवं द्वितीय सूनवाई/अपील अधिकारी श्रीमान कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) महोदय मुख्यालय जयपुर होगें अपीलीय अधिकारियों द्वारा पारित निर्णय दोनो पक्षो को मान्य होगा।

उक्त सभी शर्ते सफल निविदादाता को स्वीकार होगी।

मुख्य प्रबंधक
टोंक आगार।

Scanned with OKEN Scanner

# निविदा फार्म

श्रीमान,
मुख्य प्रबंधक
राजस्थान परिवहन निगम
टोंक आगार।

विषयः– टोंक आगार द्वारा वर्ष 2025 में जारी निविदा के अन्तर्गत बसो की सफाई/धुलाइ से सम्बधित कार्य का ठेका लेने बाबत।

निवेदन है कि मै ..............................................पुत्र श्री..............................................निवासी.................................. ..............................................टोंक आगार कार्यशाला में बसो की सफाई/ धुलाई से सम्बधित निविदा में उल्लेखित कार्य निविदा/निगम शर्तो के अन्तर्गत निम्नाकिंत दरो पर कार्य करने करना चाहता हूँ।

1. बस सफाई/धुलाई कार्य प्रतिदिन/प्रतिबस दर रूः– ..............................

मे यह घोषणा करता है कि :–मैने निविदा स्वीकृति हेतु कोई प्रार्थना–पत्र अन्य स्थान के लिये प्रस्तुत नही किया है। मुझें निगम व अन्य स्थान संस्था द्वारा सेवा से बर्खास्त /सेवामुक्ति/हटाया नही किया गया हैं मैने निविदा से सम्बधित शर्ते पढ ली तथा समझ ली है। और मै इन शर्तो को मानने की स्वीकृति देता हूँ।

जो भी निगम से समय–समय पर निर्देश/आदेश प्राप्त होगें उन्हे भी मानने के लिये मै बाध्य रहूगा।मेरी निविदा स्वीकृत होती है तो अनुबन्ध पत्र भरने को तैयार हूँ।

संलग्नः–दस्तावेजः–
1. आधार कार्ड/पेन कार्ड/बैक पासबुक।
2. पासपोर्ट साईज 2 फोटों
3.धरोहर राशि की रसीद/डीडी

भवदीय

हस्ताक्षर निविदादाता
(नाम,पता मोबाईल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण अंकित करे।)
..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................

Scanned with OKEN Scanner